रजिस्टर्ड नं० HP/13/SML-2006.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, सोमवार, 15 मई, 2006/25 वैशाख, 1928

हिमाचल प्रदेश सरकार

OFFICE OF THE SECRETARY, NAGAR PANCHAYAT RAJGARH

NOTIFICATION

Rajgarh, the 10th November, 2005

No. NP/Rgh./Building bye-laws/2005-949.—The following Building bye-laws made by the Nagar Panchayat Rajgarh in exercise of the powers conferred by section 204 of Himachal Pradesh Municipal Act, 1994 (Act No. 13 of 1994) having been previously published and approved by the State Government

as required under section 217(1) of the aforesaid Act, are hereby published for general information and shall come into force within the limits of the Nagar Panchayat Rajgarh from the date of the publication of this notification in the Rajpatra, Himachal Pradesh (Extra-Ordinary) :—

नगर पंचायत राजगढ़—भवन निर्माण

उप—विधियों का प्ररूप

भाग—1

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ.**—1.1 इन उप—विधियों का संक्षिप्त नाम नगर पंचायत राजगढ़—भवन निर्माण उप—विधियां 2005 है।

1.2 ये उप—विधियां, राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगी।

2. **परिभाषाएं.**—2.1 इन उप—विधियों में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(1) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का 13) अभिप्रेत है।

(2) "भवन में परिवर्धन" से किसी भवन के फर्शी क्षेत्रफल का घनत्व में परिवर्धन अभिप्रेत है।

(3) "परिवर्तन" से अभिप्रेत है एक अधियोग से अन्य को परिवर्तित करना या संरचनात्मक परिवर्तन, जैसा कि क्षेत्र या ऊंचाई का परिवर्धन या भवन का भाग हटाना या संरचन में कोई परिवर्तन करना जैसे के स्तम्भ, शहतीर (बीम), कड़ी, फर्श या अन्य आधार या प्रवेश या निकास जो किसी अपेक्षित साधन में परिवर्तन करना या बन्द करना या फिक्सचर या सज्जे (उपकरण) का परिवर्तन करना।

(4) "आवेदक" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है जो भूमि के प्लाट जिसका/जिसकी वह स्वामी है पर निर्माण या पुनः निर्माण के अपने आश्य की सूचना नगरपालिका को देता है और इसके अन्तर्गत उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि भी होंगे।

(5) "समुदाय भवन" से अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है कोई भवन या भवन का भाग जहां मनोरंजन, मनबहात, सामाजिक, धार्मिक देश भक्तिपूर्ण, नागरिक यात्रा के लिए व्यक्तियों का समूह एकत्र या जमा होता है और उसी तरह के प्रयोजनों के लिए और इसके अन्तर्गत उदाहरणतः रंगशालाएं, प्रदर्शन हाल, चलचित्र गृह, जनसमुदाय हाल, ऐडीटोरिया, संग्रहालय, स्केटिंग रिंक, व्यायाम शालाएं, रैस्टोरैण्ट, पूजा के स्थान, नृत्य हाल, क्लब, यात्री स्टेशन और वायु सतह के टर्मिनल तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाएं, गमबहलाव के पोतघात और अखाड़े हैं।

(6) "बालकोनी" से अभिप्रेत है हथकटहरा, जंगला सहित व खड़ा प्राप्त या प्रक्षेप है जो रास्ते या बाहर बैठने के स्थान का काम दे।

(7) "भूमिगत मंजिल" से वह मंजिल अभिप्रेत है जो धरातल मंजिल के ठीक नीचे है या जिसका कोई भाग उसकर आधी ऊंचाई से अधिक, भवन के मुख्य प्रवेश द्वारा की सीमावर्ती सड़क या भूमि के मुख्यस्तर से नीचे हो।

(8) "भवन की ऊंचाई" से छत की कुर्सी (पलिंथ) की सतह से मगरी (रिज) सतह तक नापी गई दूरी अभिप्रेत है। वास्तुकला की कलाकृति जो सजावट के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए न हो, ऊंचाई नापने में शामिल नहीं की जाएगी।

(9) "भवन रेखा" से वह अभिप्रेत है जिस तक सड़क का सड़क के विस्तार या संभावित सड़क के समीपवर्ती भवन चौकी (पलिंथ) को विधिपूर्वक बढ़ाया जा सके तथा इसमें किसी स्कीम (योजना) में विहित रेखाएं यदि कोई हो शामिल हैं ।

(10) "कारबार भवन" से अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है कोई भवन या भवन का भाग जो कारबार के संख्यवहार इस प्रकार के प्रयोजनों के लिए लेखों और अभिलेखों को रखने के लिए डाक्टर सेवा सुविधाओं, नाई की दुकानों, ब्यूटी पार्लर, सिटी हालों, टाऊन हालों, न्यायालय गृहों, पुस्तकालय के लिए प्रयुक्त किया जाता है और जहां तक इनक मुख्य कृत्य, लोक कारबार का संख्याबहार करना और पुस्तक और अभिलेख रखना है, में इस ग्रुप में वर्गीकृत किए जायेंगे।

(11) "भीतरी छत की ऊंचाई " से फर्श तथा भीतरी छत खड़ी दूरी अभिप्रेत है।

(12) "छज्जा/मौसम शेड" से खुले स्थान से ऊपर 45 सै0 मी0 चौड़ाई से अधिक लगातार ढलवां या खड़ा बाहर निकला हुआ भाग अभिप्रेत है।

(13) "चिमनी" से वह सनिर्माण अभिप्रेत है जिसके द्वारा ताप उत्पन्न करने वाले साधित्रों से ज्वलन पदार्थ के खुली हवा में जाने के प्रयोजन के लिए एक नली बनाई गई है। चिमनी का सिरा और निकास नली (फलूपाईप) चिमनी के अन्तर्गत है।

(14) "आंगन" से आकाश की ओर स्थाई रूप में खुला वह स्थान अभिप्रेत है जो पूर्णतः या अंशतः भवनों द्वारा घिरा हुआ हो तथा भवन के भीतर या उसके बिल्कुल साथ धरातल सतह पर या अन्य स्तर पर हो।

(15) "आच्छादित क्षेत्र" से भूमि का वह क्षेत्र अभिप्रेत है चौकी के स्तर के ठीक ऊपर भवन से आच्छादित हो, किन्तु निम्नलिखित से आच्छादित स्थान इसके अनर्गत नहीं हैं:—

(क) बाग, शैल उद्यान, पौधे, नर्सरी, पानी का तालाब, तैरने का तालाब (यदि ढका हुआ न हो) वृक्ष के चारों ओर चबूतरा, तालाब, फव्वारा, बैंच तथा इसी प्रकार के अन्य निर्माण।

(ख) नाली पुलियां, कन्डयूट, चैवच्चा, गली पिट, चैम्बर, गटर तथा इसी प्रकार के अन्य निर्माण।

(ग) आंगन, चार–दीवारी, ढलान (स्लाई स्विंग) कैनोपी, पोर्च, छज्जे से आच्छादित भाग का क्षेत्रफल, चौकीदार की झोंपडी इस प्रकार के प्रक्षेपण और प्राकृतिक अनुप्रस्त के स्टैंप जो आच्छादित नहीं है और आकाश की ओर खुले हैं, और

(घ) भवन की किसी मंजिल के स्तर पर सार्वजनिक गली मार्ग या सड़क से पहुंचने का पुल (आच्छादित/अनाच्छादिन हुआ)।

(16) "सीलन रोधी कोर्स" से किसी जल रोधी उपयुक्त सामग्री वाला यह प्रकिया अभिप्रेत है जिसकी व्यवस्था निर्माण के किसी एक भाग से दूसरे भाग तक सीलन या नमी को रोकने के लिए आसपास कर सतह से कम से कम 15 सैंटीमीटर ऊंचाई तक की जाए।

(17) "नाली व्यवस्था" से उस प्रयोजन के लिए निर्मित प्रणाली द्वारा किसी तरह पदार्थ का हटाया जाना अभिप्रेत है।

(18) "सूखा क्षेत्र" से पहाड़ी ढलान और भवन के नीचे की जगह अभिप्रेत है जो ब्रेस्टवाल/रेटेनिंग वाल द्वारा उचित रूप से संरक्षित है और वायु तथा रोशनी के मुक्त परिसंचालन को सुकर बनाने के लिए खुले आकाश में है और भवन को सीलन से बचाता है।

(19) "शैक्षणिक भवन" से अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है अनुदेश शिक्षा या मनोरंजन के लिए जन समुदाय से इकट्ठा होने के लिए स्कूल, विद्यालय या दिन में देखभाल के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त कोई भवन और उसके अन्तर्गत क्रच भी है।

(20) "विद्यमान भवन या इसका उपयोग" से इन उप–विधियों के प्रारम्भ से पूर्व विद्यमान भवन सनिर्माण या इसके उपयोग को नगरपालिका परिषद् द्वारा यथा मंजूर/अनुमोदित/नियमित किया गया, अभिप्रेत है।

(21) "बाहरी दीवार" से भवन की वह बाहरी दीवार अभिप्रेत है जो विभाजन दीवार न हो चाहे वह किसी दूसरे भवन की दीवार के साथ लगी हो, उसमें वह दीवार भी अभिप्रेत है जो किसी भवन के भीतर खुले स्थान पर स्थित हो।

(22) "अग्नि रोधक सामग्री" से वह सामग्री अभिप्रेत है जिसके अग्निरोध की कतिपय मात्रा हो।

(23) "फर्श" से मंजिल की निचली सतह अभिप्रेत है जिस पर भवन में आमतौर पर कोई चलता है।

टिप्पण.–मुख्य गली से मंजिल की क्रमवार संगणना, प्रवेश सतह को ध्यान में रखते हुए अवधारित की जाएगी। मुख्य गली से धरातल पर या पूर्णतः उससे ऊपर की मंजिलों की सड़क के लिए सड़क/गली से सीधे प्रवेश के साथ भवन में निम्नतम मंजिल धरातल मंजिल मानी जाएगी। धरातल मंजिल से ऊपर अन्य मंजिलों की गणना कमवार आगे बढ़ाते हुए मंजिल –1, मंजिल–2 इत्यादि के रूप में की जाएगी।

(24) "फर्शी क्षेत्रफल अनुपात (एफ0 ए0 आर0)" से सभी मंजिलों के आच्छादित क्षेत्रफल के गुणनफल से प्लाट के क्षेत्रफल से भाग पर आया भागफल अभिप्रेत है। अर्थात! :–

फ0 क्षे0 अ0–सभी मंजिलों का आच्छादित क्षेत्रफल
प्लाट का क्षेत्रफल

(25) "धुंआ निकास चिमन (फयू)" से वह सीमित स्थान अभिप्रेत है जिसकी व्यवस्था किसी ठोस, तरल या गैस ईंधन से चलाए जाने वाले किसी गर्मी उत्पादक यन्त्र या उपकरण के चलने के फलस्वरूप उत्पन्न जलन–उत्पाद को बाहरी हवा में निकालने के लिए की गई हो।

(26) "आधार (फुटिंग)" से बड़े क्षेत्र के ऊपर भार को बांटने के प्रयोजन के लिए दीवार या काल्म की नींव के नीचे ईंटों, पक्की चिनाई या कंक्रीट से निर्मित नींव अभिप्रेत है।

(26.क) "प्ररूप" के इन उप–विधियों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है।

(27) "नीव" से निर्माण का वह भाग अभिप्रेत है जो भूमि को सीधा संस्पर्श करता है और भार वहन करता है ।

(28) "भवन के सम्बंध में सामने का भाग" से सामान्यतः सामने की मुख्य गली जिससे कोई प्रवेश (पहुंच) हो या न हो का भाग अभिप्रेत है।

(29) "निजी गैरेज" से वह स्थान या उसका भाग अभिप्रेत है जिसे निजी मोटर या अन्य गाड़ियों को रखने के लिए बनाया या प्रयुक्त किया जाए।

(30) "रिहायशी कमरे" से वह अभिप्रेत है जिसे रिहायशी कमरे के रूप में प्रयुक्त किया जाए तो वह एक या अधिक व्यक्तियों के अधिकार में अध्ययन करने, रहने, सोने, खाने, रसोईघर के लिए बनाया गया हो या प्रयोग किया जाता हो, इसके तहत स्नानगृह, शौचालय, लांडरी, परोसने और भण्डार हेतु खाद्य कक्ष, गलियारे, कोठरियां, अटारियां तथा वे स्थान नहीं हैं जिनको प्रायः प्रयुक्त नहीं किया जाता है।

(31) "परिसंकटमय भवन" से अभिप्रेत है और इसके तहत है कोई भवन या उसका भाग जो अत्यन्त ज्वलनशील या विस्फोटक सामग्री या उत्पादों के भण्डारकरण, संचालन, विनिमार्ण या संसाधन करने या जो अतिशीघ्रता से जलने वाले हैं और/या जो विषाक्त धुंआ या विस्फोटक पैदा करें और इसके भण्डारकरण, संचालन, विनिमार्ण या संसाधन करने जो अत्यन्त क्षमकारी विषाक्त या हानिकर अम्लों, क्षारों या अन्य तरल पदार्थों या रसायनों से अन्तर्ग्रस्त हैं, जिनसे लपटें धुंआ और विस्फोट, पुल के मिश्रण निकालते हों या जिनसे स्वतः ज्वलन के अध्ययन द्रव्य सूक्ष्म कणों में परिवर्तन होता हो।

(32) "औद्योगिक भवन" से अभिप्रेत है और इसके तहत है कोई भवन या सनिमार्ण का कोई भाग जिसमें सभी प्रकार और प्रकृति के पदार्थ या सामग्री गढ़ी, जोड़ी तैयार की जाती है और इसके तहत रिफाइनरी, गैस संयन्त्र, मिलें, डेयरी, फैक्ट्री आदि भी हैं।

(33) "संस्थागत भवन" से अभिप्रेत और इसके तहत है कोई भवन या उसका भाग जो शारीरिक या मानसिक अस्वस्थता, बीमारी या अशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों और अन्य उपचार निरोध के लिए जिसमें अतःवासी की स्वतन्त्रता निर्बधित होती है, के लिए प्रयोग किया जाए और इसके तहत अस्पताल, सैनिटोरियम, अभिरक्षा संस्थान और शास्तिक संस्थान जैसे जेलें, कारागारें, पागलखानें, सुधारगृह हैं।

(34) "रजिस्ट्रीकृत वास्तुविद/इंजीनियर/प्लम्बर" के उपबन्धों के अधीन नगर पंचायत या अधिनियम के उपबन्धों के अधीन प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा भर्ती/अनुज्ञप्त किया गया अर्हित वास्तुविद, इंजीनियर, प्लम्बर अभिप्रेत है।

(35) "पक्की चिनाई" से मसाले से अच्छी तरह जमाकर पक्की चिनाई के यूनिटों का जमाव अभिप्रेत है।

(36) "गमटी या जीने का ढकान (स्टेयरकवर)" अभिप्रेत है जीने के ऊपर एक छतदार कोठरीनुमा निर्माण जो मौसम से सुरक्षा तथा केवल जीने को ढकने के लिए बनाया जाए और जिसका भवन रिहायश के लिए न किया जाए।

(37) "मियानी (मेजनी फलोर)" से धरातल मंजिल से ऊपर दो मंजिलों के तल के बीच की मंजिल अभिप्रेत है और जो कम से कम इसकी एक तरफ नीचे से स्थान/मंजिल का अखण्ड बनाए तथा एफ0 ए0 आर0 (फर्श क्षेत्र अनुपात) एक भाग बने।

(38) "अधियोग या उपयोग समूह (यूज ग्रुप)" से अभिप्रेत है मुख्य अधियोग जिसके लिए अधियोग के अनुसार भवन के वर्गीकरण के प्रयोजन के लिए किसी भवन या उसके किसी भाग का प्रयोग किया जाता है। अधियोग से समनुषंत्री अधियोग जो इसके ऊपर संभावित है सम्मिलित समझा जाए।

(39) "खुला स्थान" से वह क्षेत्र अभिप्रेत है जो संलग्न के ही भाग हो तथा ऊपर से ही खुला हो।

(40) "मुंडेर" से वह नीची दीवार अभिप्रेत है जो किसी छत या मंजिल के किनारे के साथ–साथ बनी हो।

(41) "गाड़ियां खड़ी करने का स्थान" से अभिप्रेत है, पर्याप्त क्षेत्रफल वाला वह भाग जिसमें चाहे वह चारों ओर से घिरा हो या न घिरा न हो, आच्छादित या खुला हो, गाड़ियां खड़ी हो सकें तथा गाड़ियों के आने–जाने के लिए एक रास्ता हो, जो गाड़ियां खड़ी करने का स्थान बना हो।

(42) "विभाजक दीवार" से अभिप्रेत है बिना भार वाली भीतरी दीवार जो ऊंचाई में एक मंजिल हो या मंजिल का भाग हो।

(43) "कुर्सी (प्लिन्थ)" से स्थल से ठीक ऊपर प्रतिवेशी स्थल और मंजिल की सतह के नीचे का किसी संरचना का भाग अभिप्रेत है।

(44) "कुर्सी क्षेत्र" से धरातल या किसी मंजिल के फर्श की सतह से मापित निर्मित आच्छादित क्षेत्र अभिप्रेत है।

(45) "प्लाट" से भूमि का वह खण्ड अभिप्रेत है जो निश्चित सीमाओं से परिबद्ध हो।

(46) "पोर्च" से भवन में पैदल चलनें वालों या गाड़ियों का पहुंच मार्ग के प्रयोजन के लिए ऐसा आच्छादित सतह अभिप्रेत है जो स्तम्भों पर या अन्य किसी तरह से आधारित हो।

(47) "रिहायशी भवन" से अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है कोई भवन जिससे सामान्य रिहायशी प्रयोजनों के लिए खाना बनाने या खाने या दोनों प्रसुविधाओं सहित या रहित सोने के स्थान का उपलब्ध किया गया है। इसके तहत एक या दो बहुपरिवार निवास, बासा या निवास गृह, शमनशालाएं, अपार्टमैंट गृह और फलैट तथा छात्रावास भी है।

(48) "कमरे की ऊंचाई" से तैयार फर्श की सतह छत तक मापी गई खड़ी अभिप्रेत है या

(49) "आवास पंक्ति" से केवल अग्र भाग, पिछला भाग, आन्तरिक भाग और खुले स्थानों सहित आवासों की पंक्ति अभिप्रेत है।

(50) "स्थल (साईड) कार्यालय" से प्लाट या निर्माण के स्थल पर अस्थाई रूप से निर्मित जिसकी अनुज्ञा नगर पंचायत द्वारा सीमित अवधि के लिए दी गई हो भवन के निमार्ण के दौरान, कमरा (कमरे)/शैड अभिप्रेत है, जो निश्चित सीमाओं से परिबद्ध हो।

(51) "स्थल (साईड) या प्लाट" से भूमि का वह खण्ड/टुकड़ा अभिप्रेत है जो निश्चित सीमाओं से परिबद्ध हो।

(52) "भण्डारकरण" से ऐसा स्थान अभिप्रेत है जहां किसी भी प्रकार या प्रकृति के माल का भण्डारण किया जाता है।

(53) "भण्डारकरण भवन/गोदाम" से अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है माल, सौदा या वाणिज्य जैसे कि गोदाम, शीलागार, माल भाड़ा डिपो, अभिवहन शैड, गोदाम गृह, गैरेज, विमान शालाएं, ट्रक टर्मिनल, खाद्यान उत्पादक शस्यागार और अस्तबल के भण्डारण या आक्षम देने के लिए प्रथकतमः प्रयुक्त कोई भवन या उसका कोई भाग।

(54) "भण्डारकक्ष" से भण्डार के स्थान के रूप में प्रयुक्त कमरा अभिप्रेत है।

(55) "मंजिल (स्टोरी)" से भवन का भाग अभिप्रेत है जिसमें किसी मंजिल (फलोर) की सतह और उससे अगली मंजिल की सतह के बीच के भवन का कोई भाग या यदि इसके ऊपर कोई मंजिल न हो तो किसी मंजिल और अगली ऊपर की छत के बीच की जगह भी शामिल है।

(56) "गली" से अभिप्रेत होगा और इसमें प्रत्येक खाली स्थान सम्मिलित होगा, कोई सड़क, पैदल चलने का रास्ता, चौकोर स्थाान, गलियारा, गली या पहुंचना रास्ता क्या जनसाधारण के

लिए स्थाई है या अस्थाई है और क्या आम रास्ता है या नहीं, इस बात के होते हुए भी कि यह नीजि सम्पति है या अस्थाई है और किसी घर, स्थल, चेन या अन्य नाके द्वारा अंशतः या पूर्णतः वांछित है, यदि उसके साथ घर, दुकान या अन्य भवन जुड़ा है, और यदि यह किसी व्यक्ति द्वारा पहुंचने के रास्ते के रूप में प्रयोग किया जाता है या नहीं है, परंतु ऐसे स्थल का कोई भाग सम्मिलित होगा जो किसी ऐसे भवन के अधियोगी के पूरा समय उपर्युक्त के रूप में प्रयोग से समस्त अन्य व्यक्तियों को रोकने का अधिकार रखता है और उसमें नाला या गटर भी सम्मिलित होगा या दोनों में कोई एक, या भूमि जो किसी पटरी, बरामदे द्वारा ढकी है या ढकी नहीं है या इससे लगी किसी सम्पति की सीमा तक अन्य निर्माण, जनसाधारण को पहुंचायक नहीं है।

(57) "साथ लगा होना" से किसी सड़क, लेन, खुले स्थान, भवन इत्यादि के सांबिहम में स्थित अभिप्रेत है।

(58) "टैरस" से छत स्तर या किसी मंजिल स्तर पर खुला स्थान, अभिप्रेत है।

(59) "फलश शौचालय (डब्लयू0 सी0)" से ऐसा शौचालय अभिप्रेत है जिसमें पीने के पानी से साफ करने की व्यवस्था हो।

(60) "खिड़की" से दरवाजे के अतिरिक्त वह बाहर को खुलने वाला स्थान अभिप्रेत है जो अपेक्षित प्राकृतिक प्रकाश या संवातन या दोनों को आन्तरिक स्थान को पूरी या आंशिक व्यवस्था करता हो और निर्गमन/प्रवेशद्वार के रूप में प्रयोग नहीं किया जाएगा।

2.2 उन शब्दों और पदों के जो इन उप–विधियों में परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का 13) में उनके हैं।

2.3 भवनों के विभिन्न वर्गों के उनमें समय–समय पर किए गए परिवर्तनों सहित, उपयोग, आच्छादन, सैट बैक्स, खुले स्थानों, ऊंचाई, मंजिलों की संख्या, पार्किंग मापदण्ड इत्यादि के सम्बंध में सभी आज्ञाप्क क्षेत्रीय प्लान इन उप–विधियों के अधीन भवन विनियमों को यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे। उन विनियमों में किए गए सभी संशोधन/उपांतरण स्वतः ही इन उप–विधियों के भाग के रूप में सम्मिलित हो जाएंगे।

3. उप–विधियों का लागू होना.–3.1 इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए भवन उप–विधियां नगर पंचायत राजगढ़ की अधिकारिता में राजगढ़ पंचायत क्षेत्र में भवन विनियमन के कियाकलापों को निम्नलिखित रूप में लागू होंगे :–

(क) जहां भवन का निर्माण किया गया है यह उप–विधियां भवन की परिकल्पना (डिजाइन) और उसके निर्माण को लागू होंगी।

(ख) जहां भवन को पूरी तरह या उसके किसी भाग को हटाया जाता है वहां उप–विधियां भवन के सभी भागों को लागू होंगी चाहे उन्हें हटाया गया हो या नहीं।

(ग) जहां भवन को पूरी तरह या उसके किसी भाग को गिरा दिया गया हो तो वहां उप–विधियां किसी भी अतिशेष भाग या गिराए जाने में अन्तर्वलित कार्य को लागू होंगी।

(घ) जहां भवन में परिवर्तन किया जाता है सिवाए इसके कि उप–विधि केवल उस भाग को लागू होगी यदि ऐसा भाग उप–विधि द्वारा अपेक्षित सुविधाओं और सुरक्षा उपायों के बारे में पूर्णतया स्वतः पूर्ण हो वहां उप–विधियां पूर्ण भवन पहले का या नया हो को लागू होंगी।

(ङ) जहां भवन का अधियोग बदल जाता है तो वहां उप–विधियां बदलाव से प्रभावित भवन के सभी भागों को लागू होंगी।

3.2 **विद्यमान अनुमोदित भवन.**—इन उप–विधियों के अधीन किसी विद्यमान अनुमोदित भवन के हटाए जाने, परिवर्तित किए जाने या परित्याग किए जाने की अपेक्षा नहीं की जाएगी और न ही इनकी कोई बात इसके निरन्तर प्रयोग और अधियोग को रोकेगी जब तक कि नगर पंचायत की राय में कोई भवन सम्पत्ति के पार्श्वस्थ या भवन के स्वयं अधिभोगियों की सुरक्षा के लिए जोखिम वाला न हो।

4. **निर्वचन.**—इन उपविधियां में "वर्तमान काल" के प्रयोग के अन्तर्गत भविष्य काल, "पुलिंग के अन्तर्गत स्त्रीलिंग और नपुंसक" एक वचन के अन्तर्गत बहुवचन और बहुवचन अन्तर्गत एक वचन है। व्यक्ति के अन्तर्गत व्यक्ति के रूप में नगर पंचायत लिखित के अन्तर्गत "मुद्रण" और टंकण और हस्ताक्षर के अन्तर्गत वह व्यक्ति जो लिख नहीं सकता है, द्वारा लगाया गया निशान, अंगूठा, आदि उसका नाम ऐसे अंगूठे के नजदीक लिखा हो, भी है।

5. **अपेक्षित भवन मंजूरी.**—कोई भी व्यक्ति पंचायत से ऐसे प्रत्येक के लिए अलग भवन मंजूरी प्राप्त किए बिना किसी भी भवन को न बढ़ाएगा न पुनः बनवाएगा न उसमें परिवर्तन करेगा न उसे गिराएगा न ऐसा किसी से करवाएगा।

6. **प्रीकोड भवन मंजूरी.**—यदि कोई भवन जिसके लिए इन उप–विधियों के प्रारम्भ से पूर्व मंजूरी दी जा चुकी हो, ऐसी मंजूरी की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर पूर्ण रूप से बन नहीं पाता है तो उक्त मंजूरी व्यपगत हो जाएगी और अतिशेष कार्य को पूरा करने के लिए मंजूरी प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

भाग – II

7. **भवन मंजूरी प्राप्त करने के लिए प्रकिया.**—(1) नोटिस सूचना–प्रत्येक व्यक्ति जो भवन बनाया या उसके पुनः बनाने या अधिनियम की धारा 203 और 204 में विनिर्दिष्ट संकर्मों में से किन्हीं का निष्पादन करना है, तो वह प्ररूप–1 में नगर पंचायत को लिखित रूप में सूचित करेगा और ऐसी सूचना (नोटिस) के साथ भवन की 6 प्रतियां संलग्न करेगा। नक्शे की प्रतियां फैरो पेपर पर साधारण प्रिन्ट में होगी और उनमें से एक ट्रेसिंग क्लाथ पर होगी। सूचना (नोटिस) के साथ निम्नलिखित अन्य दस्तावेज भी संलग्न किए जाएंगे :–

(क) विक्रय विलेख/पट्टा विलेख, ततीमा, जमाबन्दी और सीमांकन रिपोर्ट के साथ उपाबद्ध होगा। ऐसे मामलों में जहां पट्टा विलेख निष्पादित नहीं किया गया हो, वहां पट्टाकर्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र लेकर दिया जाएगा।

(ख) अंतरिम विकास प्लान/विकास प्रोग्राम/क्षेत्रीय प्लान, जहां भी अपेक्षित हो, के अनुसार भूमि के उपयोग के सम्बन्ध में नगर एवं ग्राम योजना विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

(ग) औद्योगिक भवनों की दशा में मुख्य कारखाना निरीक्षक से अनुमोदन।

1022 (घ) नुक्सान देह भवनों की दशा में मुख्य विस्फोटक नियन्त्रक नागपुर और क्षेत्रीय अग्निशमक अधिकारी (हिमाचल प्रदेश) से अनुमोदन।

(33) (ङ) प्ररूप–2 में रजिस्ट्रीकृत अर्हता प्राप्त संरचनात्मक अभियन्ता द्वारा सम्मक रूप से तैयार और हस्ताक्षरित संरचनात्मक डिजाईन।

(च) भिन्न–भिन्न कोणों से प्रस्तावित स्थल (साईट) के कम से कम दो फोटो।

7.1.2 आवेदक जो भवन का निर्माण करना चाहता है, ऐसे निर्माण की सूचना देने से पूर्व स्थल
(34 पर सीमा स्तम्भ स्थापित करेगा।

7.2 **मूल नक्शा और स्थल का अनुमोदन.**—पड़ौस के भूमि चिन्हों के बाबत स्थल की सीमा स्थिति को दर्शाते हुए 1:100 से अनधिक के पैमाने पर बनाए गए नक्शे को सूचना के साथ प्रस्तुत किया
(3 जाएगा।

7.3 **स्थल का नक्शा.**—उप–विधि 7.1.1 के अधीन सूचना के साथ भेजा गया स्थल नक्शा 1:200 से अनधिक के पैमाने पर बनाया जाएगा और उनमें निम्नलिखित उपदर्शित होगा:–

(

(क) स्थल और उससे संलग्न भूमि की सीमाएं तथा उसके स्वामी का विवरण।

(ख) पड़ोस की गली के सम्बंध में स्थल की स्थिति।

(ग) गलियां जिसमें भवन का स्थित होना प्रस्तावित है, का नाम यदि कोई हो।

(घ) स्थल में, ऊपर या नीचे सभी विद्यमान भवन।

(ङ) भवन और सभी अन्य भवनों (यदि कोई हो) की स्थिति जिन्हें आवेदक निम्नलिखित के सम्बंध मे (क) में निर्दिष्ट अपनी संलग्न भूमि निर्माण करना चाहता है।

(i) निर्माण स्थल की सीमाएं और निर्माण स्थली के विभाजन की दशा में आवेदक (आवेदकों) द्वारा स्वामित्व भाग की और अन्यों द्वारा स्वामित्व भाग की सीमाएं।

(ii) (क) में निर्दिष्ट स्थल और उससे संलग्न भूमि (यदि कोई हो) की 12 मीटर की दूरी के भीतर सभी साथ लगी गलियां, भवन (मंजिलों की संख्या और ऊंचाई सहित) और परिसर ; और

(iii) स्थल के 12 मीटर की दूरी के भीतर यदि कोई गली न हो, तो नजदीकी विद्यमान गली।

(च) (क) में निर्दिष्ट स्थल और उससे संलग्न भूमि पर भवन के और सभी अन्य भवनों (यदि कोई हो), जिसे आवेदक बनाना चाहता है, को गली से पहुंचने का साधन।

(छ) निर्वाध वायु संचार, प्रकाश प्रवेश और सफाई प्रयोजन के लिए भवन के चारों ओर छोड़ा गया स्थान।

(ज) भवन के सामने की गली (यदि कोई हो) तथा उसके बराबर पीछे की गली (यदि कोई हो) की चौड़ाई।

(झ) भवन के नक्शे से सम्बधित उत्तर बिन्दु दिशा।

(ञ) विद्यमान भौतिक विशेषताएं, जैसे नाला, नाली वृक्ष, स्मारक/सीमा चिन्ह आदि।

(ट) समस्त सम्पत्ति का धरातल क्षेत्र और प्रत्येक मंजिल पर ढके हुए क्षेत्र के बारे में उप–विधियों के अन्तर्गत यथा अपेक्षित प्लाट के कुल क्षेत्र की परिभाषा मे ढकी हुई प्रतिशतता के लिए संगणना सहित खण्डवार ढका हुआ क्षेत्र।

(ठ) व्यक्तिगत रिहायशी भवनों के सिवाए सभी भवनों के लिए गाड़ी खड़ी करने के स्थानों को दर्शाते हुए पार्किंग प्लान।

(ड) प्रस्तावित भवन स्थाई आकृति सहित नियत होंगे।

(ढ) बेकार जल और बरसात के पानी का व्ययन।

(ण) नाली को नगर पंचायत के नाले/नाली से जोड़ना।

(त) आवेदक द्वारा कोई अन्य दस्तावेज/जानकारी जो आवश्यक समझी जाएगी।

7.4 **भवन का नक्शा.**—सूचना के साथ लगे भवन के नक्शे और ऐलीवेशन और सेक्शन 1:100 के पैमाने पर बनाए जाएंगे, नक्शे में:–

(क) आच्छादित क्षेत्र सहित सभी कमरों के मंजिल रेखांक जिसमें स्पष्ट रूप से आकार और फरेमिंग मेमवर्ज का स्थान और कमरों के आकार उनकी स्थिति और सीढ़ियां, रैम्पस और अन्य बाहर जाने वाले रास्तों, उत्थापक कुओं, उत्थापक यन्त्र कक्ष और डिटेल्ज की चौड़ाई दर्शित होंगी।

(ख) भवन के सभी भागों को इस्तेमाल या अधियोग दिखाना।

(ग) फलश शौचालय, हौदी, स्नानागृह, पानी संग्रह टंकी और ऐसी ही अनिवार्य सुविधाओं की ठीक स्थिति दिखाना।

(घ) धरातल का आकार तहखाने की दीवारों की मोटाई, दीवारों का निर्माण तथा सम्बन्ध भागों, सभी छत सीलों और फर्श सीलों का आकार व स्थान सामग्री दर्शाते हुए सैक्शनल ड्राईंग। सैक्शन में भवन और कमरों की ऊंचाई और मुंडेर की ऊंचाई और नाली व्यवस्था व छत के ढाल को भी दिखाया जाएगा। कम से कम सैक्शन सीढ़ियों, रसोई कक्ष और शौचालय, स्नानागृह और फलश शौचालय से होकर लेना होगा।

(ङ) आगे वाला किनारा और पिछले ऐलीवेशन और भवन सभी से खुला हो, सभी ऐलीवेशन को दिखाना।

(च) सर्विस प्रिनी, यदि कोई हो, का विवरण दिखाना।

(छ) स्वीकार्य भवन रेखा से आगे बढ़े हुए नाली व्यवस्था और छत की ढाल को दिखाना।

(ज) नक्शे से सम्बन्धित उत्तर बिन्दु को संकेत दिखाना।

(झ) गाड़ी खड़ी करने का स्थान यदि व्यवस्था हो, का विवरण दिखाना।

(ञ) उचित अनुचित प्ररूप में आकार सहित समस्त दरवाजों, खिड़कियों और अन्य दरवाजों जिसके अन्तर्गत रोशनदान हैं का उपदर्शन करना।

(ट) ऐसी अन्य विशिष्टयां, जोकि प्रस्ताव को स्पष्ट तौर से समझने के लिए अपेक्षित है और नगर पंचायत द्वारा यथा विदित है।

(ठ) स्थल की परिरेखा।

(ड) सड़क/रास्ता/गली के साथ प्रत्येक मंजिल का स्तर।

(ढ) भवन की कुल उंचाई।

टिप्पणी.—(क) से (ण) तक नक्शे में समविष्ट समस्त अपेक्षाएं रजिस्ट्रीकृत इंजीनियर से तैयार और हस्ताक्षरित होना चाहिए।

7.5 **सेवा नक्शा (सर्विस ढलान).**— जहां नगर पंचायत द्वारा नक्शे, ऐलिवेशन और निजी जल आपूर्ति की स्वीकृति, मलवहन, निपटान प्रणाली और भवन सेवाओं के ब्यौरे अपेक्षित हो, स्केल पर उपलब्ध करवाना होगा जो 1:100 से कम न हो।

7.6 **विनिर्देश.**—प्ररूप.—3 में रजिस्ट्रीकृत इंजीनियर द्वारा सम्मयक रूप से हस्ताक्षरित प्रस्तावित निर्माण के सामान्य विनिर्देश लोकोपयोगी सामग्री की श्रेणी और ग्रेड बताते हुए नोटिस के साथ दर्शाएं। इसके अतिरिक्त मंजूरी के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले नक्शे के एक ओर विनिर्देश लिखे जाएंगे।

7.7 **डायमेन्शन.**–सभी डायमेन्शन मिट्रीक युनिट में दर्शाना होगा ।

7.8 **नक्शे में रंग भरना.**— (क) नक्शे में रंग भरने के संकेत चिन्हः

सारणी–1 में यथा विनिर्देष्ट के अनुसार नक्शा में रंग भरा जाएगा। नक्शे के अतिरिक्त प्रिन्ट कागज के सिर्फ एक ओर होंगे।

सारणी

क्र0 सं0	निर्देश	रंग
1	प्रस्तावित	लाल
2	विद्यमान	हरा
3	सीमा	पीला
4	सड़क/रास्ता	काला
5	नाली	नीला
6	मलवाहन	भूरा
7	गिराया जाने वाला प्रस्तावित कार्य	संतरी

7.9 **पर्यवेक्षक.**—सूचना (नोटिस) के साथ यथास्थिति, प्ररूप–4 और प्ररूप–5 में रजिस्ट्रीकृत इंजीनियर द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित पर्यवेक्षण प्रमाण–पत्र भी लगा होगा।

7.10 **नक्शों पर हस्ताक्षर करना.**—समस्त नक्शे स्वामी और नगर पंचायत राजगढ़ से रजिस्ट्रीकृत इंजीनियर द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित होंगे और उसमें नाम और पते और रजिस्ट्रेशन संख्या भी निर्दिष्ट होंगे।

7.11 स्वामी उन स्थलों (प्लाटों) की जिनमें भूमि वियक्त की जा सकेगी, प्रवेश देते हुए उचित रास्ते और गलियों की व्यवस्था करने के लिए बाह्यकर होगा। रास्तों/गलियों की इस प्रकार व्यवस्था की जाएगी कि वे नियमित सार्वजनिक या प्राइवेट गली से जाकर मिलें। ऐसे रास्तों/गलियों का सीमांकन उचित रूप से किया जाएगा और ऐसी अन्य विशेषताओं से, जो उपयोगिताओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक हो, खडागित किया जाएगा।

7.12 भूमि का स्वामी विक्रय के लिए भूमि के बर्ताव में, प्लाट बनाते हुए या अन्यथा उप–विधि 7.11 में यथा वर्णित के अनुसार नगर पंचायत के अभिन्यास प्लान सहित निम्नलिखित विशिष्टयां दर्शाते हुए एक लिखित आवेदन भेजेगा :—

(क) प्लाट जिनसे उस पर भवनों के निर्माण के लिए भूमि का विभाजन किया जाना प्रस्तावित है और प्रयोजन जिसके लिए ऐसे भवनों का प्रयोग किया जाना है ;

(ख) किसी गली, खुले पार्क, आमोद–प्रमोद मैदान, स्कूल, बाजार या किसी अन्य प्रयोजन के लिए किसी स्थल का आरक्षण या आबंटन ;

(ग) गली या गलियों का आशयित स्तर, दिशा या चौड़ाई ;

(घ) गली या गलियों की नियमित रूपरेखा ; और

(ङ) गली और गलियों का समतल, खण्डजित, पक्का करने, फलेगिंग, चैनलिंग, मलनाली निकालने, नाली निकालने, सफाई और रोशनी की व्यवस्था।

8. **केवल परिवर्तन हेतु सूचना.**—जब सूचना केवल भवन के परिवर्तन हेतु ही है तब भी ऐसे नक्शे और कथन, जैसे आवश्यक हों, सूचना के साथ संलग्न होंगे।

8.1 निम्नलिखित परिवर्तनों के लिए, जो इन उप–विधियों की सामान्य भवन अपेक्षाओं संरचनात्मक स्थिरता और अग्नि सुरक्षा अपेक्षाओं के सम्बन्ध में उपबन्धों का अन्यथा अतिक्रमण नहीं करती है, कोई सूचना या भवन मंजूरी आवश्यक नही है :—

(क) पलस्तर और पैच मरम्मत।

(ख) छत की शीटों का बदलवाना।

(ग) पुनः फर्श बिछाना और फर्श की मरम्मत।

(घ) खिड़कियों, संवातनों का निकालना और बन्द करना जो दूसरे की सम्पति की ओर नही खुलते।

(ङ) सन शेड का निर्माण या निर्माण जो 45 सैंटीमीटर की चौड़ाई से अधिक न हो, अपनी भूमि में किया जाएगा किन्तु अन्य व्यक्तियों की भूमि या सम्पति, सार्वजनिक गली, नाली के उपर आगे की ओर निकला नही होगा।

(च) उंचाई में एक मीटर से अनाधिक के पैराफिट का निर्माण और पुनर्निमाण और इन उप–विधियों के अधीन अनुज्ञेय परन्तु 1.5 मीटर से अनाधिक सीमा दीवारों का निर्माण और पुनः निर्माण भी।

(छ) अनुज्ञेय स्पष्ट उंचाई पर किसी मंजिल में ग्रामक छम के परिवर्तन सहित सफेदी, पेंटिंग आदि परंतु ऐसी ग्रामक छत का प्रयोग किसी भी दशा में दीर्घा रंगभूमि के नीचे की छत या स्वतंत्र मंजिल के रूप में नही किया जा सकता और न ही इसके परिणामस्वरूप छत की उंचाई अपेक्षित न्यूनतम उंचाई से कम न हो।

(ज) आन्तरिक विभाजन के निर्माण और पुनर्निमाण के लिए अनुज्ञा तभी दी जाएगी यदि ये इन उप–विधियों की परिधि मे आते हैं।

(झ) अपने अहाते के भीतर जल टैंको या मुख्य गेट का स्थान बदलना/पुनः स्थापित करना।

9. मंजूरी देना या नामंजूर करना.— 9.1 नगर पंचायत या तो नक्शों और विवरण को मंजूरी दे देगा या नामंजूर करेगा या उन्हें ऐसे निर्देशों सहित मंजूर करेगा जैसे वह उचित समझे उस पर अपने विनिश्चत की सूचना देने वाले व्यक्ति को संसूचित करेगा। यदि उप–विधि 7.1 के अधीन सूचना प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर नगर पंचायत उस व्यक्ति को लिखित रूप में अपनी नामंजूरी या मंजूरी की किसी सूचना को सूचित करने में असफल रहता है, जिसने सूचना दी है, तो सूचित नक्शों और विवरणों सहित मंजूर समझा जाएगा बशर्ते कि यह तथ्य सूचना देने वाले व्यक्ति, जिसने ऐसे लिखित सूचना देने के 15 दिन के भीतर नगर पंचायत से कोई सूचना प्राप्त नही की हो, द्वारा लिखित रूप में नगर पंचायत के ध्यान में तुरन्त लाया गया हो। इन उप–विधियों मे शर्तों के अधीन रहते हुए इस बात से यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि कब किसी व्यक्ति को पट्टे के निबन्धों या भूमि के हक़ के उल्लंघन में या विरूद्ध या किसी अन्य विनियमों, उप–विधियों या कार्य के स्थल पर लागू आदेश के विरूद्ध किसी बात को रोकने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

9.2 एक बार जब नक्शे की संवीक्षा हो जाती है और आक्षेपों को दर्शा दिया जाता है, तो सूचना देने वाला स्वामी लगाए गए आक्षेपो का अनुपालन करेगा और उसे पुनः प्रस्तुत करेगा। नगर पंचायत पुनः प्रस्तुत किए गए नक्शे की समीक्षा करेगा और यदि आक्षेप हों तो उन्हें आवेदक के अनुपालन के लिए सूचित कर दिया जाएगा जिसके पश्चात नक्शा मंजूर किया जाएगा।

10. मंजूरी की अवधि.—एक बार स्वीकृत मंजूरी, मंजूरी की तारीख से दो वर्ष के लिए विधिमान्य रहेगी। भवन मंजूरी को पुनः विधिमान्य कराया जा सकेगा।

11. नक्शों का पुनर्विधिमान्यकरण.—विधिमान्य अवधि के अवसान के पश्चात नक्शों का पुनर्विधिमान्यकरण निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगा :—

(क) जहां कार्य प्रगति पर और कोई विचलन नहीं है, मामले पर, समय बढ़ाने के लिए विचार किया जा सकता है।

(ख) उन मामलों में जहां विचलन है, मामलों पर, गुणागुण के आधार पर सामान्य दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रशासन फीस अधिरोपित करके विचार किया जा सकेगा ।

12. मंजूरी की प्रतिसंहरण.—जहां कोई मिथ्या कथन हो, कुछ छिपाया गया हो या आवेदन में, जिस पर भवन मंजूरी आधारित थी, तात्विक तथ्यों का दुर्व्यपदेशन है या निर्माण के चालू रहते हुए नक्शे से घोर विचलन है नगर पंचायत, इन उप–विधियों के उपबन्धों के अधीन जारी किसी भवन मंजूरी को प्रति संहरण कर सकेगी।

13. विधिमान्य सूचना (नोटिस).—उप–विधि 7.11 और 7.12 में यथा अपेक्षित के अनुसार पूर्ण सूचना से युक्त नोटिस (सूचना) को विधिमान्य सूचना (सूचना) माना जाएगा।

14. भवन मंजूरी और पर्यवेक्षण के लिए स्कीम तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकृत तकनीकी व्यक्तियों की अर्हताएं.—नगर पंचायत या उस द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा रजिस्ट्रीकरण के प्रयोजन के लिए मंजूरी और पर्यवेक्षण के विभिन्न कार्य करने हेतु तकनीकी व्यक्तियों की अर्हताएं और उनकी सक्षमता निम्न प्रकार से होगी और रजिस्ट्रीकरण 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाले कलैंडर वर्ष के लिए होगा, इसके पश्चात इसका वार्षिक नवीनीकरण होगा, अर्थात :—

(क) **इंजीनियर :**

अर्हता:—रजिस्ट्रीकरण के प्रयोजन के लिए इंजीनियर की ऐसी अर्हताएं होंगी जो अधिनियम की धारा 203 की उप–धारा (3) के खण्ड (ख) में दी गई हैं।

सक्षमता:—रजिस्ट्रीकृत इंजीनियर भवन की मंजूरी से सम्बन्धित कार्य को जैसा कि नीचे दिया जाता है को करने के लिए सक्षम होगा और निम्नलिखित प्रस्तुत करने का हकदार होगा :—

(1) सभी नक्शे और भवन की मंजूरी से सम्बन्धित जानकारी।

(2) सभी भवनों के संरचनात्मक विवरण और गणना।

(3) सभी भवनों के निरीक्षण का प्रमाण–पत्र।

(4) सभी प्रकार के भवनों कर सफाई/जल आपूर्ति के कार्य।

(5) सभी ले–आउट प्लान।

(ख) **प्लम्बर :**

नगर पंचायतः—निम्नलिखित अर्हताएं रखने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा लेकर प्लम्बरों को अनुज्ञाप्त करेगी, अर्थात् :—

अर्हताएं:— (1) हिन्दी का ज्ञान।

(2) नक्शों और स्केचिंग संस्थान से ट्रेड में प्रशिक्षण का प्रमाण–पत्र या किसी सरकारी विभाग/स्थानीय निकाय या अनुज्ञाप्त वास्तुकार/इंजीनियर के अधीन सेनीटरी और प्लम्बिंग के निष्पादन का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव।

या

किसी सरकारी विभाग/स्थानीय निकायों का अनुज्ञाप्त वास्तुविद के अधीन पांच वर्ष की अवधि के लिए सेनीटरी और प्लम्बिंग का अच्छा व्यवहारिक ज्ञान और अनुभव।

सक्षमताः—अनुज्ञप्त प्लम्बर निम्नलिखित कार्य को स्वतन्त्र रूप से करने के लिए सक्षम होगा:—

(क) दो मंजिल भवनों तक के सेनीटरी नक्शे प्रस्तुत करने।

(ख) दो मंजिला भवनों तक के सेनीटरी कार्य का निष्पादन।

(ग) अनुज्ञप्त इंजीनियरों के पर्यवेक्षण के अधीन सभी प्रकार के भवनों के लिए सेनीटरी कार्य का निष्पादन करने।

15. निर्माण कार्य के दौरान प्रकिया :

15.1 भवन के निर्माण के दौरान न तो मंजूरी प्रदान कराना, न ही नक्शे और विवरण का अनुमोदन, न ही कार्यकारी या नगर पंचायत के किसी अन्य पदधारी द्वारा किया गया निरीक्षण, इन उप–विधियों की अपेक्षा के अुनसार कार्य के लिए अपने उतरदायित्व से ऐसे भवन के स्वामी को निर्मुक्त नहीं करेगा।

15.2 **कार्य के प्रारम्भ के लिए सूचना.**—स्थल पर, भवन कार्य के प्रारम्भ से पूर्व जिसके लिए भवन मंजूरी दी गई है, स्वामी मंजूरी की तारीख से अधिकतम एक वर्ष की अवधि के भीतर, प्ररूप–6 में दिए गए निदर्शन–पत्र में भवन स्थल पर कार्य प्रारम्भ के आशय की सूचना कार्यकारी अधिकारी को देगा। स्वामी ऐसी सूचना की तारीख से सात दिन के भीतर कार्य प्रारम्भ करेगा।

15.3 **स्थल पर सुप्राप्त दस्तावेज.**—व्यक्ति, जिसको मंजूरी दी गई है, निर्माण कार्य के दौरान, अनुमोदित नक्शे और विवरण की एक प्रति निरीक्षण के लिए सुप्राप्त करवाएगा।

16. **समापन की सूचना.**—प्रत्येक स्वामी, भवन को मंजूरी में वर्णित कार्य के समापन पर, कार्यकारी अधिकारी को भवन के समापन की सूचना देगा। स्वामी द्वारा प्रेषित समापन की सूचना प्ररूप–7, 8 और 9 मे दिए गए निदर्शन–पत्र के अनुसार ट्रेसिंग क्लाथ में, समापन प्लान की एक प्रति और चार फैरों प्रिंट्स 50 रू0 की फीस सहित दी जाएगी वह निम्नलिखित दस्तावेज भी प्रेषित करेगा :–

(क) स्वामित्व के परिवर्तन की दशा में, विक्रय, पट्टा विलेख, नवीनतम ततीमा, जमाबन्दी इत्यादि।

(ख) समस्त समापन संरचना का अग्रभाग और साईड ऐलीवेशन दिखलाने वाले दो फोटोग्राफ।

(ग) नगर पंचायत से, कर दे दिए जाने का प्रमाण–पत्र।

सामान्य योजना की स्वीकृति से पूर्व नगर पंचायत के इंजीनियर, कनिष्ठ, इंजिनियर और स्वच्छता निरिक्षक से गठित समिति जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी द्वारा की जाएगी, निर्माण स्थल का निरीक्षण करेगी।

17. **निर्माण के दौरान विचलन.**—यदि कोई भवन के निर्माण के दौरान प्रत्यावर्तन या बाहरी परिवर्धन के द्वारा मंजूर किए गए नक्शे से कोई सारभूत प्रत्यन्तर करना आशीयत हो, नगर पंचायत से मंजूरी प्राप्त की जाएगी। विचलन दर्शाते हुए संशोधन नक्शा प्रस्तुत किया जाएगा और इससे पूर्व मूल नक्शे के लिए अधिकथित प्रकिया ऐसे समस्त संशोधित नक्शे को लागू होगी।

18. **भवन का अधियोग.**—कोई भी व्यक्ति किसी भवन या उसके किसी भाग का किसी भी प्रयोजन के लिए तक तक अधियोग नही करेगा, या किसी अन्य व्यक्ति को अधियोग करने की अनुमति नहीं देगा, जब तक ऐसे भवन या भाग के पूरा होने का प्रमाण–पत्र प्रदान नही कर दिया जाता।

19. **समापन प्रमाण –पत्र.**—कार्यकारी अधिकारी समापन सूचना की प्राप्ति पर कार्य का निरिक्षण करेगा और समापन की सूचना का नोटिस प्राप्ति की तारीख से 30 दिन के भीतर मंजूर या गैर मंजूर या इसके आक्षेपों को संसूचित करेगा। यदि इस अवधि के भीतर कुछ भी सूचित नही किया जाता है तो कार्यकारी अधिकारी द्वारा इसे अधियोग के लिए अनुमोदित समझा जाएगा।

20. **चौकी सतह निर्माण समापन की सूचना.**—स्वामी जिसने चौकी की सतह तक काम पूर्ण कर दिया है और अधिरचना कार्य के प्रारम्भ से पूर्व प्ररूप–10 में कार्यकारी अधिकारी की सूचना देगा, ऐसा न होने पर इस प्रकार बनाई गई रचना/ढांचा अनाधिकृत समझा जाएगा।

21. **असुरक्षित भवन.**—समस्त असुरक्षित भवन, जन–रक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए खतरा समझें जाएंगे और मुरम्मत तथा उन्मूलन द्वारा पुनः स्थापित की जाती या अधिनियम की धारा 117 के अधीन कार्यवाही की जाएगी।

22. **विद्युत लाईन की दूरी.**—भारतीय विद्युत अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों व उपबन्धों और उनमें समय–समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार भवन और किसी शिरोपरि विद्युत पूर्

10 लाइन के बीच निम्नलिखित उद्धृत दूरी के भीतर भवन में बरामदा, बालकनी, सायवान या इस के सदृश निर्माण या पुनः निर्माण या किसी प्रभाकर परिवर्धन या परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी अर्थात् :—

		उध्वर्तः मीटर	क्षतिजय मीटर
(क)	निम्न और मध्यम वोल्टेज लाईन्ज और सर्विस लाइन्ज	2.40	1.22
(ख)	33000 बोल्टेज तक सम्मिलित उच्च वोल्टेज।	3.66	1.83
(ग)	अतिरिक्त उच्च वोज्टेज लाईन्ज 33000 वोल्टेज से आगे ।	(जमा 0.3 मीटर प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज या उसके भाग के लिए)	(जमा 0.3 मीटर प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज या उसके भाग के लिए)

23. **प्लाट का न्यूनतम आकार आवासीय प्रयोग :—**

(i) किसी प्लाट पर जिसका क्षेत्र 90 वर्ग मीटर से कम हो, आवासीय प्रयोग के लिए भवन निर्माण की अनुज्ञा नही दी होगी।

(ii) **आच्छादित.**—विभिन्न आकार के प्लाटों में आवासीय भवन की अधिकतम आच्छादित की अनुज्ञेय निम्न रूप से होगीं :—

(क)	90 वर्ग मीटर तक के प्लाट	65 प्रतिशत
(ख)	91 वर्ग मीटर से 250 वर्ग मीटर के प्लाट	60 प्रतिशत
(ग)	251 वर्ग मीटर से 500 वर्ग मीटर के प्लाट	55 प्रतिशत
(घ)	500 वर्ग मीटर से उपर के प्लाट	50 प्रतिशत

(iii) **सेट बैक.**—विलग्न गृह की दशा में मुख्य सड़क/रास्ते पर सामने न्यूनता सैट बैक 3 मीटर का होगा और अन्य ओर 2 मीटर का हेागा। अर्ध विलग्न गृह की दशा में सामने न्यूनतम सैट बैंक 3 मीटर आन साइड का सैट बैक 3 मीटर और पिछली ओर का सैट 2 मीटर का होगा। पहली मंजिल पर 3 मीटर के आन साइड सैट बैक पर 1 मीटर चौड़े अतिरिक्त आच्छादित की अनुज्ञय होगी और छत के निकले हुए भाग का 45 सैंटीमीटर अनुज्ञेय होगा। पिछली ओर 3 मीटर X 5.50 मीटर माप के गैरज की अनुज्ञेय होगी।

(iv) **पंक्तिबद्ध मकानों के सैट बैक.**—पंक्तिबद्ध मकानों की दशा में मुख्य सड़क पर न्यूनतम अविकल (सैट बैक) सामने की ओर 3 मीटर और पिछवाड़े की ओर 2 मीटर अनुज्ञेय होगा।

(v) **इमारत की न्यूनतम चौड़ाई.**—प्लाट के आकार के सन्दर्भ में सैट बैक रखने के पश्चात 5 मीटर से अन्यून चौड़ाई के बनाने योग्य रखे गए किसी भूमि के टुकड़े पर कोई निर्माण करने की अनुज्ञा नही होगी।

(vi) **मुख्य सड़कों के लिए अविकल (सैट बैक).**—मुख्य सड़क पर 24 मीटर और 18 मीटर रास्ते के अधिकार सहित, सामने वाला सैट बैक कमशः 7.5 मीटर का होगा। अन्य सड़कों पर सैट बैक उपर्युक्त खण्ड 2 और 3 में दिए गए के अनुसार होगा।

(vii) **सार्वजनिक उपयोगिता/सेवाओं की दशा में सैट बैक.**—सेवाएं जैसे कि पेट्रोल पम्प, विद्युत उपकेन्द्र, सड़क से लगी संरचन/सुविधाएं जैसे कि वर्षा (रेन शेल्टर) भूमि, पलायन आटो सर्विस इत्यादि को सैट बैक लागू नहीं होंगे, जोकि सरकारी भूमि की दशा में सरकार द्वारा सड़क की उपर्जित चौड़ाई या क्षेत्र के स्थानीय प्राधिकरण की दशा में जहां भूमि स्थानीय प्राधिकरण से सम्बन्धित है को विशेषतया अनुज्ञप्त है।

(vii) **भवन की उंचाई.**—रिहायशी भवनों के लिए मंजिल की न्युनतम और अधिकतम उंचाई कमशः 2.70 मीटर और 3.50 मीटर होगी। कोई भी विचली मंजिल अनुज्ञाप्त नहीं होगी। किसी भी दशा में भवन की कुल उंचाई 2.30 मीटर गाड़ी खड़ी करने की मंजिल की निकार करके 18.80 मीटर होगी। कोई भी संरचना किसी भी सड़क की घाटी की ओर जिस का कोई भी भाग, सड़क स्तर से उपर उठा रहा हो, अनुज्ञप्त नहीं होगी।

(viii) **निकला हुआ भाग.**—रूफ / स्लैब का निकला हुआ भाग और सूर्य से छाया, बैक के सभी ओर 45 सैंटी मीटर अुनज्ञप्त होगी।

(ix) **मंजिले.**—मंजिलों की अधिकतम संख्या 4 + पार्किगं (जहां व्यवहार्थ हो) होगी, जिसमें तहखाना और ऐटिक है। इसके अतिरिक्त, यदि प्लाट, यानीय आगमन के साथ लगा हुआ है तो 2.30 मीटर की अधिकतम उंचाई वाला (गाड़ी खड़ा करने का स्थान) पार्किंग फलोर की उपबन्ध करना होगा। तहखाना या धरातल के नीचे का काल्म अभिआर्शित नहीं किया जाएगा और प्रतिधारण मिति (पुश्ता दिवार) द्वारा आच्छदित किया जाएगा। प्रत्येक भवन की ढलानदार छत होगी।

(x) **विद्यमान भवनों का पुनः निर्माण.**—भवन के पुनः निर्माण के विषय में विनिमयन, विद्यमान भवन लाईनों पर होगा बशर्ते 3 मीटर की न्युतम चौड़ाई वाली सड़क उपलब्ध हो। छत का निकला हुआ भाग रूप प्रोजेक्शन छाया (सन शेड) गलियों रास्तों पर यथास्थिति अनुज्ञात किया जाएगा।

(xi) **होटल.**—होटल के लिए अनुज्ञा 5 मीटर के न्युनतम चौड़ाई वाली यानीय सड़क को ही अनुज्ञात की जाएगी। होटल के लिए प्लाट का न्यूनतम आकार 40 प्रतिशत अधिकतम धरातल सहित एक हजार वर्ग मीटर होगा। सामने 10 मीटर और अन्य सभी ओर 5 मीटर की न्युनतम सैट बैक होगी। मंजिलों की संख्या, 2.30 मीटर के गाड़ी खड़ा करने का स्थान (पार्किंग फलोर) सहित 18.80 मीटर की कुल उंचाई सहित 4 + पार्किंग फलोर निर्बाधित होगी। होटल के स्वामी को, सड़क स्तर पर पार्किंग के लिए एक मात्र छत (फलोर) रखनी होगी और प्रत्येक दो विस्तरों के लिए 20 वर्ग मीटर मापन दूरी, रखनी होगी, गाड़ी खड़ी करने का सामान्य अनुज्ञ 4 मंजिलों के अतिरिक्त हो। पार्किंग के लिए स्थापित ऐसा छत (फलोर) वाल योग्य भण्डार करण प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा। धरातल पर

खाली स्थान का पचास प्रतिशत खाली पार्किंग (ओपन पार्किंग) के लिए अनुज्ञाप्त होगा और बाकी (शेष) भू–दृष्य होगा।

(xiii) **परिस्थितिकी में विघ्न न डालना :**

(i) भूमि प्रयोग में परिवर्तन या भूमि का विकास इस रीति में किया जाना चाहिए कि भूमि की प्राकृतिक रूप–रेखा में कम से कम विघ्न पड़े।

(ii) यदि प्लाट का कटान अपेक्षित है तो स्वामी को सबटिंग सम्पति का बचाव पुश्ता/ बैस्ट दीवार द्वारा करेगा। तीन मीटर से उपर के कटान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भूमि के प्रयोग में परिवर्तत या भूमि के विकास इस रीति में जिसमें अधिकतम वायु, प्रकाश और धूप जहां इसकी अधिक आवश्यकता है, प्राप्त किया जा सके, किया जाएगा।

(xiv) **प्लाटों की निक्काशी :—**

1. प्लाटों का अभिविन्यास ऐसी रीति में जो विद्यमान प्लाटों /संरचना का संमकेन वायु दिशा, नाली के तल के प्राकृतिक बहाव वर्षा के पानी का प्रवहन बिना किसी रूकावट के हो, की पुष्टि करे, का प्रावधान किया जाएगा।
2. प्लाटों का नक्शा आसान आगमन जो न्युनतम 1.10 की सविकाये श्रेणी और जो दृश्य या अनुदर्शन में रूकावट नहीं डाल सकेगा, द्वारा नियन्त्रित होगा।
3. प्लाटों के समूह जिसकी संख्या एक विशेष आगमन पर 10 से अधिक है, माननीय आगमन न्यूनतम 5 मीटर की उंचाई का होगा। तथापि प्लाटों के लघु समूह जिसकी संख्या 10 से अधिक नहीं है के लिए न्यूनतम 3 के पैदल मार्ग का प्रावधान किया जा सकता है।
4. **प्लाट क्षेत्र :–**

(i) पृथक गृह के लिए न्युनतम प्लाट क्षेत्र 150 वर्ग मीटर होगा।

(ii) अर्ध पृथक गृह के लिए न्यूनतम प्लाट का क्षेत्र 250 वर्ग मीटर होगा।

(iii) कतार गृहों के लिए प्लाट का क्षेत्र 150 वर्ग मीटर तक होगा। परन्तु यह कि विशिष्ट परिस्थितियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभ के लिए और जहां स्थल शर्तें ऐसा करना अनुमत करें निदेशक दो सामान्य दीवारों के साथ प्लाट क्षेत्र न्यूनतम 60 वर्ग मीटर तक, पर विचार कर सकेगा।

5. 250 वर्ग मीटर तक के प्लाटों में एक सांझी दीवार के निर्माण की अनुमति होगी और 150 वर्ग मीटर तक के प्लाट में दो सांझी दीवारों का निर्माण इस शर्त के अध्याधीन होगा कि ऐसे प्लाटों की अधिकतम संख्या पंक्ति ऐसे प्लाटों की अधिकतम संख्या पंक्ति में 8 से अधिक न हो इसके पश्चात 7 मीटर का खाली स्थान छोड़ना होगा।

(xv) **हरित पट्टी.**—हरित पट्टी में आने वाला समस्त क्षेत्र वन के रूप में वर्गीकृत नहीं होगा जबकि निजी स्वामित्व में अब से हरित पट्टी कहा जाएगा।

(क) हरित पट्टी के लिए रहित पट्टी के स्वरूप प्ररिक्षण और संरक्षण के बनाए रखने के प्रयास किए जांएगे। इस क्षेत्र में नगरीय कृतयों के लिए भूमि के किसी उप–विमाजन की अनुमति नहीं होगी। हरित पट्टी में वन रोपण, वन्य प्राणी पिकनिक और संप्रवर्तित करने के कियाकलापों की अनुमति होगी। पर्यटन के अधीन, जहां तम्बू, अस्थाई, छोटे और बनाई जाने वाली प्रस्तावित स्थानान्तरित वास के क्रियाकलापों की अनुमति होगी। पहुचायक मार्ग के निर्माण के लिए पहाड़ को काटने की अनुमति नहीं होगी। ऊपर वर्णित किसी भी क्रियाकलापों के लिए पेड़ काटने की अनुमति नहीं होगी । विद्यमान संरचना के पुनः निर्माण की पुरानी पद्धति की ही अनुमति होगी परन्तु आधार और ऐटिक को सम्मिलित करके अधिकतम मंजिले सिर्फ दो मंजिल तक निबन्धित होगी। परन्तु वन संरक्षण अधिनियम, 1990 के दायरे के भीतर आने वाले क्षेत्र में विकास निर्माण की अनुमति नहीं होगी।

(ख) अब से हरित पट्टी सीमा से 5 मीटर के घेरे के भीतर और विद्यमान पेड़ से दो मीटर के घेरे के भीतर किसी निर्माण की अनुमति नहीं होगी । दूरी पेड़ की परिधि से मापी जाएगी।

(xvi) **भूकम्प प्रतिरोधी डिजाईन और निर्माण.**—भूकम्प प्रतिरोधी डिजाईन और निर्माण से विनाश रोकथाम होगी। संरचना की उंचाई 5 मंजिल तक सीमित होनी चाहिए और सुरक्षा के रूप में भूकम्पी तुलादण्ड (बीम्ज) कुर्सी स्तर, सील स्तर, लौंटिल स्तर तक होने चाहिए।

(xvii) **भवन की छत से वर्षा का जल सग्रहण.**—प्रस्तावित भवन में वर्षा जल एकत्रित करने हेतु वर्षा जल एकत्रण टैंक निर्मित किये जायेगें, उसे छत के शीर्ष भाग में वर्षा जल के गट्टर से जोड़ते हुए व्यवस्था करना तथा प्रति वर्ग मीटर 28 लीटर की दर स`जल एकत्रण टैंक निर्माण करना होगा उदहारणतः

छत का क्षेत्रफल (प्रति वर्ग मीटर)	टैंक की खपत (केपेसटी) (लीटरों में)
100	2,000
150	3,000
200	4,000
500	10,000
1,000	20,000

24. पहुंच के साधन :

24.1 किसी भी भवन का इस प्रकार निर्माण नहीं किया जाएगा, जिससे किसी अन्य भवन को पहुंच के साधन से वंचित होना पड़े।

24.2 प्रत्येक व्यक्ति जो भवन निर्माण करता है, किसी भी समय किसी भवन का निर्माण नहीं कर सकेगा या करवाएगा या निर्माण या किसी भवन के पुनः निर्माण की अनुमति नहीं देगा जिससे कि पंहुच के साधन के रूप में घेड़े गए क्षेत्र का अनाधिकार होता हो या कम हो गए।

25. खुला स्थान क्षेत्र और ऊंचाई की सीमाएं :

25.1 मानवीय आवास के लिए प्रत्येक कमरा भीतरी और बाहरी खुले स्थान से या उसे भीतरी या खुले स्थान की ओर खुले बरामदे से लगा होगा।

25.2 राजगढ़ योजना क्षेत्र के अनुसार एफ0 ए0 आर0 की सीमाओं के माध्यम से अविकल (सैट बैक) आवृत क्षेत्र, कुछ निर्माणित क्षेत्र को सम्मिलित करके भवन के इर्द–गिर्द अन्तरिम योजना के अनुसार खुला स्थान छोड़ा जाएगा।

26. भवन के भागों की अपेक्षा :

26.1 चौकी या भवन का कोई भाग या उप–गृह आस–पास की भूमि सतह के साथ स्थिति होगा ताकि स्थल की पर्याप्त नाली व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके, परंतु उंचाई 45 सै0 मी0 से कम नही होगी। स्थल दालान की दशा में चौकी की उंचाई मूल धरातल के निम्नतम स्तर से चौकी को सम्मिलित करके तथापि 4 मीटर से अधिक नहीं होगी।

26.2 रिहायशी कमरे :

26.2.1 आकार आवासीय कमरे का न्यूनतम फर्शी क्षेत्रफल 9.5 मीटर होगा और न्यूनतम चौड़ाई 2.4 मीटर होगी। मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थानों से सहबद्ध होस्टलों में रिहायशी कमरों का आकार कम से कम 7.5 वर्ग मीटर होगा।

26.2.2 उंचाई.–(क) बीम को सम्मिलित करके स्लैब की मोटाई को निकालकर प्रत्येक मंजिल की अधिकतम उंचाई 2.70 मीटर होगी। मंजिल की सतह से छत के निम्नतम बिन्दु (Point) (स्लैब को निचले भाग तक) से परिमित मंजिल की अधिकतम उंचाई 3.50 मीटर से अनधिक नहीं रोक सकेगी।

26.2.3 खिड़कियों और रोशनदानों का उपबन्ध करके बैठक के कमरे का कम से कम 1/6 क्षेत्रफल युक्तियुक्त हवा और प्रकाश के लिए होना चाहिए।

26.2.4 स्नानागार, भण्डारगार, पानी का हौद, पढ़ाई कक्ष, पूजा और भोजन कक्ष के अलावा प्रत्येक कमरा आवासीय कमरा हैं।

26.3 रसोई कक्ष :

(क) रसोई का क्षेत्रफल 1.80 मीटर चौड़ाई सहित 4.50 वर्ग मीटर से कम नही होगा।

(ख) रसोई कक्ष, जो खाने के कमरे के रूप में उपयोग किया जाने हेतु भी आशायित है, का फर्श क्षेत्रफल 2.10 मीटर की न्यूनतम चौड़ाई सहित 7.50 वर्ग मीटर से अन्यून होगा।

(ग) रसोई कक्ष का दरवाजा फलाई प्रूफ होगा और समस्त रसोई कक्ष पूर्ण प्रकाशमय और पूर्ण संवातीत होगा।

(घ) जब तक कि पृथकता उपबन्ध न किया गया हो रसोई के बर्तनों की सफाई के लिए उपलब्ध किया जाएगा, जो प्रत्यक्षतः या सिंक के माध्यम से निकास नल के जालीदार या ट्रेंपड कनेक्शन को जाएगा।"

(ड.) रसोई कक्ष में सिंक कम से कम 0.60 मीटर × 0.45 मीटर आकार का होगा या फर्श में दबी हुई कम से कम 10 सैटी मीटर की वाटर प्रुफ ट्रे होगी।

(च) रसोई कक्ष के प्रवाहित धुंए को निवारित करने की पर्याप्त व्यवस्था सहित प्रभावित चिमनी/निकासी पंख होगा।

(छ) रसाई कक्ष का फर्श अग्नि अप्रभावी और प्रतिरोधी प्रकृति का होगा।

(ज) रसोई कक्ष की उंचाई रिहायशी कमरे के समान होगी।

26.4 स्नानगृह और शौचघर :

26.4.1 **आकार.**—स्नानगृह का आकार, चौड़ाई 1.20 मीटर की न्यूनतम लम्बाई 1.50 मीटर की सहित 1.80 वर्ग मीटर से कम नहीं होगा। शौचघर का न्यूनतम आकार चौड़ाई 0.90 मीटर की और न्यूनतम लम्बाई 1.20 मीटर की सहित 1.1 वर्ग मीटर होगा। यदि स्नानगृह और शौचघर संयुक्त हो, तो न्यूनतम क्षेत्र 1.2 मीटर की न्यूनतम चौड़ाई और 2.35 मीटर की सहित 2.8 वर्ग मीटर होगा।

26.4.2 **अन्य अपेक्षाएं.**— प्रत्येक स्नानगृह या शौचघर :

(क) इस प्रकार स्थित होगा कि इसकी कम से कम एक दीवार बाहरी वायु के लिए खुली रखी जाएगी और खिड़की या सवांतन के रूप में 0.37 वर्ग मीटर के विस्तार तक कम से कम खुली जगह होगी या यदि बाहरी दीवार न हो तो 0.90 मीटर की कम से कम आकार से निकास से जुड़ी होनी चाहिए जहां वायु संचार के लिए निर्वातक पंखे की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) अन्य शौचघर जब तक अतिरिक्त किसी अन्य कमरे के सीधे ऊपर अथवा नीचे नहीं होगा जब तक धोने का स्थान, स्नानागार या टैरेस जलरूद्ध न होगा।

(ग) अप्रवेष्य फर्ष के आवरण से, जिस की ढलान उपयुक्त ग्रेड के साथ नाली की तरफ हो, न कि बरामदा या किसी कमरे की ओर व्यवस्थित होगा।

(घ) उसमें बैठने का स्थान अभेद जलरूद्ध सामग्री से बना होगा।

(ङ) दीवारों या विभाजकों (पार्टीशनों) से आबाद होगा और ऐसे प्रत्येक दीवार विभाजक की सतह ऐसे कमरे के फर्श ऊपर से 1 मीटर की अन्यून ऊंचाई तक समतल अपुवेष्य सामग्री से तैयार की जाएगी।

26.4.3 जिस कमरे में शौचघर होगा, वह शौचघर के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए प्रयुक्त नहीं किया जाएगा और न ही ऐसा कमरा किसी दरवाजे, खिड़की अथवा अन्य प्रकार से रसोईकक्ष अथवा खाना बनाने के स्थान की ओर सीधा खुलेगा ऐसा प्रत्येक कमरा जिसमें शौचघर होगा उसका दरवाजा पूर्णतः प्रवेश को बन्द करने वाला होगा।

26.4.4 जब शौचघर /मलकुण्ड का बाहरी दरवाजा खोला जाए तो गली या अन्य सार्वजनिक स्थान से सीट (बैठक का स्थान) दिखाई नहीं देना चाहिए।

27. मियानी (मेजनीन मंजिल) :

27.1 **आकार**—केवल बैकरों, रैस्टोरेंटों इत्यादि में धरातल मंजिल और प्रथम मंजिल में मध्य की मियानी की अनुमति दी जाएगीं । मियानी क्षेत्र को, धरातल मंजिल पर वास्तविक आवृत क्षेत्र के 25 प्रतिशत तक की अनुमति होगी और इसे फर्श क्षेत्र अनुपात (एफ. ए.आर.) में गिना जाएगा।

27.2 **ऊंचाई**—मियानी की ऊँचाई 2.20 मीटर से कम व 2.75 मी0 से अधिक मान्य नहीं।

27.3 **अन्य.** —कमरे या कक्ष के ऊपर मियानी की अनुमति दी जा सकेगी परन्तु :—

(क) मियानी में इसके 10 प्रतिशत फर्श क्षेत्र तक का प्रत्यक्ष प्रकाश और संवातन होना चाहिए;

(ख) इसका निर्माण इस प्रकार किया जाए कि ये किन्हीं भी परिस्थितियों में इसके ऊपर और नीचे संवातन में बाधा न पहुंचाए और किसी उप–विधि का उल्लंघन न करें;

(ग) ऐसी मियानी या उसके किसी भाग का, रसोई कक्ष के रूप में प्रयोग नहीं किया जाएगा; और

(घ) किसी भी दषा में मियानी को इस प्रकार बन्द नहीं किया जाएगा की वह अवायु संचारित कक्षों में परिवर्तित हो जाए।

28. भूमिगत कक्ष (बेसमैंट).—भूमिगत कक्ष को एक मंजिल समझा जाएगा। भूमिगत कक्ष में पहाड़ी के सामने की ओर कम से कम 6 ईंच की गुहिया (केविटी) नाली के साथ एक गुहिया (केविटी) दीवार की व्यवस्था की जाएगी।

29. भण्डार कक्ष :

29.1 **आकार**—भण्डार क्षेत्र 3 वर्ग मीटर से अन्यून नहीं होगा। यदि भण्डार कक्ष का क्षेत्र 3 वर्ग मीटर से अधिक हो तो फर्श क्षेत्र के 10 प्रतिशत तक अपेक्षित प्रकाश और वायु संचालन के लिए उपलब्ध करना होगा।

29.2 **ऊंचाई**—भण्डार की ऊंचाई रिहायशी कक्ष के समान होगी।

30. निजी गैरज :

30.1 अहाता या गृह भवन के साथ लगी भूमि पर गैरज की अनुमति दी जा सकती है परन्तु गैरज की अधिकतम ऊंचाई 2.20 मीटर होगी और सड़क स्तर का गोल पत्थर / मिट्टी से भरी पुश्ता दीवार निर्मित कम के घाटी की ओर गैरज निर्मित किया जाएगा, यह और कि मूल पार्श्वदृश्य की गहराई

सड़क सतर से 2 मीटर अधिक नहीं होगी। तथापि समुचित अग्र सैट बैक छोड़ने के पश्चात गेरज की अनुमति दी जा सकेगी और आवेदक को सक्ष्म प्राधिकारी से अनापति प्रमाण–पत्र प्राप्त करना पड़ेगा।

30.2 भवन में छत के निम्न बिन्दु से छत की सतह तक 2.30 मीटर की अधिकतम ऊंचाई के गाड़ी स्थान तल की व्यवस्था करने की अनुमति दी जाएगी और फर्श क्षेत्र अनुपात (एफ0 ए0 आर0) से भी छूट प्राप्त होगी, परन्तु गाड़ी खड़ी करने का स्थान फर्श स्तर, उस सड़क से लगा होना चाहिए, जो यातायात के आर–पार के लिए हो।

30.3 खुले प्लाट के निजी गैरज का आकार 2.50 मीटर × 5.00 मीटर या वाहन के आकार से अनुज्ञ नहीं होगा तथापि स्थलाकृतिक बाध्यताओं के कारण इस उपबन्ध को नगर पंचायत द्वारा छोटी कारों के लिए शियिल किया जाएगा।

31. **बालकनी**.—भवन या भवन की इकाई में किसी भी ओर बालकनी की चौड़ाई 1.2 से अधिक नहीं होगी और बालकनी सामान्यतः सामने के भाग की ओर होनी चाहिए।

32. **गलियारे**.— रिहायशी भवन में गलियारे की चौड़ाई कम से कम 1 मीटर होगी और अन्य सभी भवनों में 1.20 मीटर होगी।

33. **लिफ्ट :**

33.1 जहां लिफ्ट उपलब्ध है वहां भवन की सभी मंजिल चौबीस घंटे लिफ्ट की पहुंच से होगी।। भवनों में उपलब्ध करवाई गई लिफ्टों को आपातकाल/आग की दशा मे बचाव का साधन नहीं समझा जाएगा।

33.2 धरातल मंजिल पर, आपातकाल में अग्नि सेवा के कर्मचारियों को लिफ्ट में चढ़ने के लिए गराउडिन सविच्चन भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

33.3 लिफ्ट यन्त्र कक्ष अलग से होगा और इसमें कोई अन्य मशीनरी नहीं रखी जाएगी।

34. **छत :**

34.1 भवन की छत इस प्रकार से निर्मित की जाएगी या ऐसी ढलान वाल बनाई जाएगी जिस से, पर्याप्त आकार की वर्षा जल निकास पाईप द्वारा बर्फ के पानी का निकास कारगर हो सके।

34.2 दीवार के बाहरी किनारे से रिज तक छत का अधिकतम कोण साधरणतया 30 डिग्री का प्राप्त होगा।

34.3 तथापि भवन की सुन्दरता को बढ़ाने या सौन्दर्यपरक आवष्यकता को सुरक्षित रखने के लिए प्रायः कुछ कलश मीनार या गुम्बदों का निर्माण किया जाता हैं। ये भवन की 14 मीटर की अधिकतम

ऊंचाई के अतिरिक्त अनुज्ञात/नियमित किया जाएगा परन्तु ऐसे मीनार/ कलक्ष या गुम्बद ऐसे निमित हो कि ये गैर रिहाइशी रहें।

35. **टैरस/कांचघर ममटी.**— शीर्ष मंजिल (टाप फ्लोर) के 1/3 मंजिल क्षेत्र के बराबर छत स्तर पर टैरस की अनुमति होगी। इस क्षेत्र में बराबर छत स्तर पर टैरस की अनुमति होगी। इस क्षेत्र में स्वामी कांच घर/टैरस गार्डन का भी इस शर्त के अधीन रहते हुए कि कांच घर के रिज से अधिक ऊंची न हो, निर्माण कर सकता हैं

